# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY

# FIRST TERMINAL EXAMINATION-2025

## PARTII
## HINDI

**Maximum : 80 Scores**
**Time : 2 1/2 hour**
**Cool-off time:15 minutes**

**सूचना: 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।** **(5×1=5)**

**1.** "सूरीनाम में पहला दिन " किस विधा की रचना है?
(भाषण ,जवाबी पत्र, सफ़रनामा)

**2.** बादशाह कहाँ कालेपानी में है?
( दिल्ली में, रंगून में, ब्रिटेन में)

**3.** "मेरे भारतवासियो" किसका भाषण" है?
( बहादुर शाह ज़फ़र का, हिमांशु जोशी का, जवाहरलाल नेहरू का)

**4.** सूरदास किसका भक्त है?
(राम का, शिव का, कृष्ण का)

**5.** मातृभूमि का परिधान क्या है?
( नीलांबर, रत्नाकर,नदियाँ)

**सूचना: 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **(2×2=4)**

**6.** प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ। (कौन, क्या)
बादशाह मुसलमानों को मलिका का हार देते हैं।

**7.** सार्थक वाक्य में बदलें।
**स्वतंत्रताकीनईसुबहकेसाथउठेगा।**

**8.** लेखक को कौन-सा शहर भारतीय शहर जैसा लगा? क्यों?

**सूचनाः कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जिसके रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं॥
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ॥
हम खेले - कूद हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में ।
हे मातृभूमि ! तुझको निरख, मग्न क्यों न हों मोद मे?

**9.** 'हर्ष' का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखें।
(गोद, मोद, निरख) **(1)**

**10.** हम ने कैसे खड़ा होना सीखा है? **(2)**

**11.** कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

**सूचनाः 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3×4=12)**

**12.** बादशाह के खत के ये वाक्य पढें और इनके आधार पर उनके चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे, मैं भी उनको रोता हूँ।
- अब हँसें या रोयें, कोई फायदा नहीं।

**13.** दोनों पदों को जोड़कर वाक्य पल्लवन करें।

एक सौ बीस देशों में वैश्विक स्वरूप उभर रहा है।
(संसार के, हिंदी का)

**14.** "खाना-पीना साथ है
मरना - जीना साथ है
सारी ज़िंदगी ये दोस्ती........"

'सच्ची दोस्ती' विषय पर टिप्पणी लिखें।

**15.** जीवन-वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें।

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | : | 1885 |
| जन्म स्थान | : | उत्तर प्रदेश के चिरगाँव में |
| प्रमुख रचनाएँ | : | साकेत, यशोधरा, पंचवटी |
| पुरस्कार | : | पद्मभूषण |
| मृत्यु | : | 1965 |

**16.** नीलांबर परिधान हरित तट
पर सुंदर है।
सूर्य -चंद्र युग मुकुट,
मेखला रत्नाकर है॥- "मातृभूमि " कविता में कवि ने मातृभूमि का वर्णन किसप्रकार किया है?

**सूचनाः गद्यांश पढ़ें, प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।**

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार - बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें। भारत की सेवा का अर्थ है लाखों, करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना। इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना ।बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना।

**17.** भविष्य में हमें क्या करना चाहिए? **(2)**

**18.** गद्य खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना: 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3×6=18)**

**19.** विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के बाद लेखक भारत लौट आए। लौट आने के बाद सम्मेलन के बारे में लेखक और उनके मित्र के बीच की बातचीत लिखें।

- उदघाटन समारोह
- सर्वत्र भारतीय ही भारतीय
- लोगों का उत्साह
- हिंदी का प्रचार

**20.** पद पढ़ें और भावार्थ लिखें।

सुतमुख देखि जसोदा फूली।
हरषित देखि दूध की दंतियाँ
प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ॥
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ
धौं सुंदर सुखदाई।
तनक तनक सी दूध की दंतियाँ
देखौ नैन सुफल करो आई॥
आनंद सहित महर तब आए
मुख चितवन दोउ नैन अघाई।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो
मनो कमल पर बीजुजमाई ॥

**21.** आपके स्कूल में पर्यावरण क्लब द्वारा जून 5' विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जा रहा है। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

**22.** अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें।

APJ Abdul Kalam was the 11th President of India. He was born on 15th October 1931 in Rameswaram. He was an aerospace Scientist. His autobiography is "Wings of Fire". He was awarded Padma Bhushan, Padma Vibhushan and Bharat Ratna. He died on 27th July 2015.

(Aerospace Scientist- अंतरिक्ष - यान वैज्ञानिक, Autobiography- आत्मकथा,Fire of wings- अग्नि की उड़ान)

**सूचना: 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3×8=24)**

**23.** बेटी का खत बाप को खत नहीं, आँसुनामा लगा। वे अपने मन का संघर्ष उस दिन की डायरी में उल्लेख करते हैं। वह डायरी लिखें।

- देशवासियों के प्रति आकुलता
- परिवार वालों की सोच
- बेटी की शादी की यादें

**24.** बाज़ार में एक नया साबुन (Soap) आया है। उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- त्वचा (skin) की सुंदरता
- खुशबूदार
- सस्ता एवं अच्छा
- 100% प्राकृतिक

**25.** हिंदी शब्दों के समानार्थी विदेशी शब्द चुनकर जोड़े बनाएँ।

अनाथ
बेवा
व्यक्ति
काबिल
यतीम
विधवा
तोहफ़े
इनाम
देश
चिंता
योग्य
करार
सांत्वना
फिक्र
मुल्क
शख्स

**26.** "मेरे भारतवासियो" पाठ के आधार पर एक छात्र नेहरुजी के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। वह पत्र लिखें।

- नहरूजी मानवता के पूजारी
- नेहरुजी का संदेश
- भारतीयों का कर्तव्य